राहत, आनकत आदि उपास्थत रह। ननी यादव और प्रांत का जाड़ा न

विद्यार्थियों ने किया भारत कला भवन का भ्रमण

जनसंदेश न्यूज

वाराणसी। डीएवी पीजी कॉलेज के प्राचीन भारतीय इतिहास संस्कृति एवं पुरातत्व विभाग से संचालित इंडोलॉजी सर्टिफिकेट कोर्स के छात्र-छात्राओं ने शनिवार को बीएचयू स्थित भारत कला भवन में शैक्षणिक भ्रमण किया।

भारत कला भवन के वरिष्ठ अधिकारी डॉक्टर स्वतंत्र कुमार सिंह ने विद्यार्थियों को भवन के इतिहास, संग्रहित कलावशेषों, मूर्ति-शिल्प, प्रस्तर उपादान, कला-शैली के साथ ही संग्रहित कलावशेषों में प्रतिबिंबित समाज, धर्म-दर्शन, धार्मिक-ऐतिहासिक आख्यान, मूल्य एवं परंपराओं के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की।

भ्रमण का संयोजन कोर्स की समन्वयक प्रोफेसर सीमा ने किया।



छात्रों ने किया भारत कला भवन का भ्रमण

वाराणसी (एसएनबी)। डीएवी पीजी कॉलेज के प्राचीन भारतीय इतिहास संस्कृति एवं पुरातत्व विभाग द्वारा संचालित इंडोलॉजी सर्टिफिकेट कोर्स के छात्र-छात्राओं ने शनिवार को काशी हिंदू विश्वविद्यालय स्थित भारत कला भवन में शैक्षणिक भ्रमण किया। यह भ्रमण 'भारत कला भवन' के वरिष्ठ अधिकारी डॉ. स्वतंत्र कुमार सिंह के निर्देशन में सम्पन्न हुआ। उन्होंने छात्रों को भारत कला भवन के इतिहास, संग्रहित कलावशेषों, मूर्ति- शिल्प, प्रस्तर उपादान, कला-शैली के साथ ही संग्रहित कलावशेषों में प्रतिबिंबित समाज, धर्म-दर्शन, धार्मिक-ऐतिहासिक आख्यान, मूल्य एवं परंपराओं के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की। इस शैक्षणिक भ्रमण में इंडोलॉजी सर्टिफिकेट कोर्स के छात्रों के साथ ही प्रा. भा. इति. सं. एवं पुरातत्व विषय के पंचम सेमेस्टर के छात्रों ने भी प्रतिभाग लिया। भ्रमण का संयोजन कोर्स की समन्वयक प्रो. सीमा ने किया


भारत कला भवन BHARAT KALA BHAVAN